# UP Board Notes Class 7 English Chapter 4 Mr. Garbage and Mrs. Polythene

**(पाठ का हिन्दी अनुवाद)**

**(Agirl...................................... who is that?**
**हिन्दी अनुवाद-** (एक लड़की कूड़े-करकट के ढेर से बात कर रही थी ।)
लड़की : तुम कौन हो? तुम्हारी बदबू बहुत बुरी है। मैं बीमार पड़ सकती हूँ।
**श्री गारबेज :** मैं श्री गारबेज हूँ। मैं प्रत्येक स्थान पर पाया जाता हूँ।
**लड़की :** तुम बदसूरत दिखते हो। तुम किससे बने हो?
**श्री गारबेज :** मैं सब्जियों के छिलकों, पुराने और फटे हुए कपड़ों, जूतों, बरतनों, कागज तथा जो भी वस्तुएँ जिन्हें तुम बेकार समझ कर फेंकते हो, उनसे बना हूँ।
**लड़की :** श्री गारबेज तुम कहाँ रहते हो?
**श्री गारबेज :** कूड़ादान मेरा घर है। तुम मुझे एक गड्ढे में डाल सकते हो और उसे ढक सकते हो।
**लड़की :** तब, आप यहाँ क्यों हैं?
**श्री गारबेज :** मैं यहाँ हूँ क्योंकि लोग मुझे जहाँ चाहते हैं फेंक देते हैं। यदि वे मुझे गड्ढे में डाल दें और ढक दें, तो मैं उनके लिए उपयोगी बन सकता हूँ।
**लड़की :** यह कैसे संभव है?
**श्री गारबेज :** वहाँ मैं मिट्टी के साथ मिलकर खाद बन सकता हूँ जो तुम्हारे लिए अच्छी फसलें उगाने में मदद करता
**लड़की :** यह अच्छा है। परन्तु वह कौन है?

**Mr. Garbage............................to live in.**
**हिन्दी अनुवाद- श्री गारबेज :** वह श्रीमति पॉलीथीन है।
**लड़की :** श्रीमति पॉलीथीन! वह बहुत सुन्दर दिखती है।
**श्री गारबेज :** प्यारे बच्चे, कोई सन्देह नहीं कि वह बहुत अच्छी और उपयोगी है। परन्तु क्या तुम जानती हो कि इसे यदि पशु निगल जाए तो वे मर जाते हैं? वह मनुष्य की सबसे खतरनाक दुश्मन है।
**लड़की :** किस तरीके से?
**श्री गारबेज :** क्योंकि वह प्लास्टिक से बनी है। जैसा कि मैंने तुम्हें बताया मैं मिट्टी में मिल सकता हूँ, परन्तु प्लास्टिक कभी भी मिट्टी में नहीं मिलती। वह मिट्टी में लंबे समय तक ऐसी ही रहती है।
**लड़की :** कितने समय तक?
**श्री गारबेज :** लगभग हमेशा
**लड़की :** परन्तु श्री गारबेज, प्लास्टिक तो हर जगह है। हम प्लास्टिक से बनी बहुत सी वस्तुएं प्रयोग करते हैं। जैसे- खिलौने, बर्तन, कम्प्यूटर, कपड़े, बैग, आदि।
**श्री गारबेज :** तुम सही कहती हो। लोग इसे प्रयोग करते हैं क्योंकि प्लास्टिक किसी भी आकार में ढाली जा सकती है, और वह आसानी से टूटती भी नहीं। परन्तु याद रखो, वह पर्यावरण के लिए अच्छी नहीं है।

https://www.evidyarthi.in/

**लड़की :** ठीक है, मैं इसे याद रखेंगी और अपने परिवारजनों और पड़ोसियों को भी प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने को कहूँगी|
**श्री गारबेज :** अच्छा है। फिर हमारी पृथ्वी रहने के लिए एक साफ और स्वस्थ स्थान बन जाएगी

https://www.evidyarthi.in/